**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *229**
**(05 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मिशन अमृत सरोवर का दूसरा चरण**

***229. श्री कंवर सिंह तंवर**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की क्या करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मिशन अमृत सरोवर का दूसरा चरण शुरू किया है और यदि हाँ , तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त मिशन के पहले और दूसरे चरण में राज्यवार, वर्षवार और जिलावार क्या उपलब्धियां और परिणाम हासिल किए गए हैं;
(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान उक्त मिशन का राज्यवार और जिलावार ब्योरा क्या है; और
(घ) उक्त मिशन के प्रथम चरण के प्रभाव , किए गए मूल्यांकन और प्राप्त निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है तथा राज्यवार और वर्षवार कुल कितनी धनराशि जारी और व्यय की गई है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास मंत्री**
**(श्री शिवराज सिंह चौहान)**

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 05.08.2025 को उत्तर देने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *229 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल के संरक्षण के उद्देश्य से मिशन अमृत सरोवर अप्रैल 2022 में इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था कि प्रत्येक ग्रामीण जिले (दिल्ली, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप को छोड़कर) में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण या पुनर्जीवीकरण किया जाए, जिससे 15 अगस्त 2023 तक देश भर में कुल 50,000 सरोवरों का निर्माण या पुनर्जीवीकरण किया जा सके। इस पहल ने जल की कमी संबंधी गंभीर समस्या का समाधान करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और विभिन्न क्षेत्रों में सतही और भूजल की उपलब्धता बढ़ाने में योगदान दिया है। ये सरोवर न केवल तात्कालिक जल आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, बल्कि स्थायी जल स्रोत भी स्थापित करते हैं, जो दीर्घकालिक पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी और समुदाय की भलाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मिशन अमृत सरोवर के दूसरे चरण की योजना इस तरह बनाई गई है कि इसमें पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर खास ध्यान दिया जाए और जिसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी (जन भागीदारी) शामिल हो। इसका उद्देश्य जलवायु से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को सुदृढ़ करना, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थायी लाभ प्रदान करना है। दूसरे चरण का सफल कार्यान्वयन करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देश सभी सहभागी मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किए गए हैं।

(ख) और (ग): मिशन अमृत सरोवर के पहले चरण के तहत अक्टूबर 2024 तक पूरे देश में 68,000 से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार पूरा किया गया है। निर्मित/पुनरुद्धारित कुल सरोवरों का राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र और जिला-वार विवरण नीचे दी गई लिंक पर देखा जा सकता है जो सभी के लिए उपलब्ध है:

https://amritsarovar.gov.in/AtaGlancePhase1

(घ): मिशन अमृत सरोवर के तहत दो प्रभाव आकलन अध्ययन किए गए हैं:

1. आईआईटी-दिल्ली द्वारा किए गए मिशन अमृत सरोवर के चरण- । के प्रभाव आकलन में बताया गया है कि देश भर में जल निकायों के सतह क्षेत्र में 16.3% की वृद्धि और सूखे जल निकायों में 42% की कमी आई है, जो इस मिशन की जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की रोकथाम में भूमिका को उजागर करता है।
2. इसके अतिरिक्त, जीआईज़ेड इंडिया अध्ययन ने मिशन अमृत सरोवर के कारण भूजल स्तर, कृषि, जैव विविधता और जीविका में महत्वपूर्ण सुधार की सूचना दी है।

मिशन अमृत सरोवर के लिए अलग से निधि आवंटन और जारी करने का प्रावधान नहीं है। राज्यों और जिलों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा), 15वें वित्त आयोग के अनुदान, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजनाओं जैसे वाटरशेड विकास घटक, हर खेत को पानी, और राज्यों की अपनी योजनाओं के साथ मिलकर यह कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए क्राउडफंडिंग और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि जैसे सार्वजनिक योगदान का भी उपयोग किया जा सकता है।

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत मिशन अमृत सरोवर के चरण- । के लिए राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रवार अनुमानित व्यय अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 05.08.2025 को उत्तर देने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 229 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| मिशन अमृत सरोवर के आधिकारिक पोर्टल के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा के तहत मिशन अमृत सरोवर के चरण-। के लिए राज्य/संघ-राज्य क्षेत्रवार अनुमानित व्यय। | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/<br>संघ-राज्य क्षेत्र | महात्मा गांधी नरेगा के तहत निर्मित/पुनरुद्धारित अमृत सरोवरों की कुल संख्या | अनुमानित व्यय (करोड़ रुपए में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1861 | 139.70 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 313 | 15.54 |
| 3 | असम | 1139 | 138.44 |
| 4 | बिहार | 2490 | 191.64 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2239 | 296.03 |
| 6 | गोवा | 2 | 0.05 |
| 7 | गुजरात | 894 | 66.28 |
| 8 | हरियाणा | 1244 | 61.23 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1428 | 34.04 |
| 10 | झारखंड | 99 | 5.67 |
| 11 | कर्नाटक | 3014 | 389.05 |
| 12 | केरल | 787 | 61.78 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 3915 | 500.39 |
| 14 | महाराष्ट्र | 482 | 36.34 |
| 15 | मणिपुर | 1157 | 85.39 |
| 16 | मेघालय | 433 | 39.11 |
| 17 | मिजोरम | 989 | 47.75 |
| 18 | नागालैंड | 31 | 4.61 |
| 19 | ओडिशा | 2199 | 198.06 |
| 20 | पंजाब | 1304 | 148.67 |
| 21 | राजस्थान | 2044 | 215.92 |
| 22 | सिक्किम | 193 | 5.66 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | तमिलनाडु | 743 | 106.85 |
| 24 | तेलंगाना | 1473 | 83.63 |
| 25 | त्रिपुरा | 333 | 37.79 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 13545 | 1352.96 |
| 27 | उत्तराखंड | 1051 | 76.84 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2 | 0.15 |
| 29 | अंडमान और निकोबार | 110 | 2.77 |
| 30 | जम्मू और कश्मीर | 764 | 45.95 |
| 31 | लद्दाख | 77 | 2.63 |
| 32 | पुदुचेरी | 63 | 4.19 |
| कुल | | 46,418 | 4,395.10 |

@ स्रोत मिशन अमृत सरोवर पोर्टल